**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं0 *149**
**29 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए**

**प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत नए आवासों का निर्माण**

***149. श्री बिद्‍युत बरन महतो:**
**श्री सुब्रत पाठक:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत नये आवासों के निर्माण को मंजूरी दी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

ख) देश में ऐसे आवासों के निर्माण हेतु चयनित राज्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त प्रयोजनार्थ राज्यों के चयन हेतु निर्धारित मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त प्रयोजनार्थ विभिन्न ऐसे राज्यों को संस्वीकृत और जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विभिन्न राज्यों में आज की तारीख तक निर्माणाधीन पीएमएवाई-यू आवासों का ब्यौरा क्या है और ऐसे आवासों के निर्माण हेतु अब तक संस्वीकृत, जारी की गई एवं उपयोग में लाई गई धनराशि का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है तथा इन आवासों का निर्माण कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**
**(श्री हरदीप सिंह पुरी)**

**(क) से (ङ):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

********

**'पीएमएवाई-यू के तहत नए आवासों का निर्माण' के संबंध में दिनांक 29.07.2021 को लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *149 के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।**

(क) और (ख): जी, हां। दिनांक 01.04.2020 से 19.07.2021 की अवधि के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत 34 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 23,81,293 आवासों को मंजूरी दी गई है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I पर है।

(ग): 2011 की जनगणना के अनुसार सांविधिक कस्बों वाले सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और बाद में अधिसूचित कस्बे [अधिसूचित योजना/विकास क्षेत्रों सहित] मिशन में शामिल किए जाने के पात्र हैं। संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप को छोड़कर, जिसके पास अधिसूचित शहरी क्षेत्र नहीं है, सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने अनिवार्य शर्तों पर सहमत होकर मिशन में भाग लेने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए हैं।

(घ) और (ङ): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, देश भर में 112,95,047 आवासों को मंजूरी दी गई है। कुल स्वीकृत आवासों में से, 50,08,573 आवास पूरे हो चुके हैं और लाभार्थियों को सुपुर्द कर दिए गए हैं और शेष आवास निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। इस योजना को दिनांक 31.03.2022 तक क्रियान्वित किया जाएगा। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को स्वीकृत आवासों के निर्माण में तेजी लाने की सलाह दी गई है ताकि सभी आवासों को निर्धारित अवधि के भीतर पूरा किया जा सके।

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्वीकृत, नींव डाले गए, पूरे किए गए आवासों की संख्या और योजना के तहत स्वीकृत, जारी और उपयोग में लाई गई केंद्रीय सहायता की राशि का ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में है।

*****

**दिनांक 29.07.2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *149 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I**

**पीएमएवाई-यू के अंतर्गत दिनांक 01.04.2020 से 19.07.2021 तक स्वीकृत आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम** | **स्वीकृत आवासों की संख्या (01.04.2020 से 12.07.2021)** |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप (यूटी) | 574 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7,98,171 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 167 |
| 4 | असम | 20,034 |
| 5 | बिहार | 58,639 |
| 6 | चंडीगढ़ (यूटी) | 945 |
| 7 | छत्तीसगढ | 71,193 |
| 8 | दादर और नगर हवेली एवं दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 1,682 |
| 9 | दिल्ली (एनसीआर) | 6,021 |
| 10 | गोवा | 3,088 |
| 11 | गुजरात | 1,88,399 |
| 12 | हरियाणा | 12,941 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 4,670 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | 1,440 |
| 15 | झारखंड | 51,722 |
| 16 | कर्नाटक | 99,408 |
| 17 | केरल | 20,186 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 90,724 |
| 19 | महाराष्ट्र | 2,32,066 |
| 20 | मणिपुर | 12,088 |
| 21 | मेघालय | 636 |
| 22 | मिजोरम | 9,974 |
| 23 | नागालैंड | 4,183 |
| 24 | उड़ीसा | 54,495 |
| 25 | पुडुचेरी (यूटी) | 3,375 |
| 26 | पंजाब | 14,108 |
| 27 | राजस्थान | 38,100 |
| 28 | सिक्किम | 91 |
| 29 | तमिलनाडु | 1,07,659 |
| 30 | तेलंगाना | 49,386 |
| 31 | त्रिपुरा | 20,866 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 2,64,364 |
| 33 | उत्तराखंड | 7,297 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 1,32,601 |
| **कुल** | | **23,81,293** |

**दिनांक 29.07.2021 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या *149 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-।।**

**पीएमएवाई-यू के तहत दिनांक 25.06.2015 से 19.07.2021 तक स्वीकृत, निर्माणाधीन, पूर्ण हुए आवासों की संख्या तथा स्वीकृत, जारी और उपयोग में लाई गई केंद्रीय सहायता राशि का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | आवासों के निर्माण की वास्तविक प्रगति (संख्या) | | | केंद्रीय सहायता के संबंध में वित्तीय प्रगति (राशि करोड़ रूपए में) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | निर्मित | अनुमोदित | जारी | प्रयुक्त |
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप (यूटी) | 602 | 4 | 43 | 9.21 | 0.90 | 0.86 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 20,37,778 | 10,43,023 | 4,62,773 | 30,930.11 | 10,104.94 | 6,785.02 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 7,427 | 4,513 | 3,412 | 167.00 | 148.99 | 87.43 |
| 4 | असम | 1,37,744 | 70,872 | 29,711 | 2,086.20 | 980.20 | 645.52 |
| 5 | बिहार | 3,63,895 | 1,22,670 | 93,713 | 5,682.52 | 2,456.31 | 1,741.87 |
| 6 | चंडीगढ़ (यूटी) | 1,524 | - | 6,484 | 33.81 | 33.81 | 33.81 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2,98,058 | 72,745 | 1,40,151 | 4,597.77 | 2,526.22 | 2,125.89 |
| 8 | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र | 7,792 | 2,210 | 5,135 | 155.03 | 133.08 | 128.12 |
| 9 | दिल्ली (एनसीआर) | 25,250 | 16,600 | 49,230 | 571.06 | 571.06 | 571.06 |
| 10 | गोवा | 4,074 | - | 4,016 | 92.60 | 92.06 | 91.72 |
| 11 | गुजरात | 8,23,978 | 1,61,721 | 5,82,376 | 15,444.64 | 11,270.57 | 10,768.67 |
| 12 | हरियाणा | 2,84,541 | 32,995 | 44,121 | 4,636.11 | 1,171.14 | 900.99 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 12,564 | 4,915 | 5,762 | 222.88 | 125.87 | 115.93 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | 56,151 | 32,274 | 10,654 | 857.49 | 323.75 | 194.74 |
| 15 | झारखंड | 2,34,483 | 62,455 | 1,02,288 | 3,588.05 | 2,265.55 | 1,717.06 |
| 16 | कर्नाटक | 6,90,786 | 2,08,102 | 2,47,459 | 11,237.56 | 4,929.47 | 4,247.13 |
| 17 | केरल | 1,29,304 | 22,965 | 99,837 | 2,124.02 | 1,481.53 | 1,570.92 |
| 18 | लद्दाख (यूटी) | 1,777 | 558 | 480 | 36.67 | 17.28 | 0.98 |
| 19 | लक्षद्वीप (यूटी) | - | - | - | - | - | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 8,56,845 | 3,11,674 | 4,55,104 | 13,771.50 | 9,461.45 | 8,376.31 |
| 21 | महाराष्ट्र | 13,22,861 | 2,57,610 | 4,95,951 | 21,992.96 | 10,645.19 | 9,432.60 |
| 22 | मणिपुर | 53,535 | 32,020 | 5,571 | 803.47 | 338.09 | 237.06 |
| 23 | मेघालय | 5,329 | 794 | 1,668 | 85.32 | 37.46 | 20.21 |
| 24 | मिजोरम | 39,867 | 14,822 | 4,688 | 608.18 | 189.80 | 109.84 |
| 25 | नागालैंड | 34,227 | 23,991 | 6,052 | 539.36 | 306.88 | 120.72 |
| 26 | उड़ीसा | 1,77,188 | 37,144 | 94,856 | 2,765.13 | 1,552.22 | 1,446.17 |
| 27 | पुडुचेरी (यूटी) | 14,830 | 8,831 | 6,247 | 235.19 | 164.25 | 138.77 |
| 28 | पंजाब | 1,08,673 | 41,967 | 44,083 | 1,811.49 | 1,061.86 | 883.61 |
| 29 | राजस्थान | 2,14,144 | 26,385 | 1,31,148 | 3,857.05 | 2,298.02 | 2,141.02 |
| 30 | सिक्किम | 635 | 296 | 342 | 9.79 | 4.92 | 2.14 |
| 31 | तमिलनाडु | 7,14,832 | 1,66,310 | 4,42,044 | 11,365.35 | 7,038.50 | 7,744.77 |
| 32 | तेलंगाना | 2,24,192 | 30,477 | 2,05,106 | 3,890.52 | 2,745.85 | 2,683.48 |
| 33 | त्रिपुरा | 92,035 | 14,234 | 52,810 | 1,475.17 | 1,027.55 | 846.19 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 17,29,421 | 4,75,633 | 8,65,295 | 26,933.75 | 15,488.64 | 12,193.33 |
| 35 | उत्तराखंड | 44,639 | 7,815 | 20,940 | 842.44 | 563.41 | 420.47 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 5,29,094 | 1,22,400 | 2,74,051 | 8,391.48 | 5,204.50 | 4,588.92 |
| **कुल*:** | | **112,95,047** | **34,31,025** | **50,08,573** | **1,82,118.21** | **97,028.68** | **83,380.66** |

*इसमें 14, 972 लाभार्थी शामिल हैं जिनके लिए हाल में ही सीएलएसएस के तहत 267 करोड़ रूपए की सब्सिडी बैंकों तथा एचएफसी को जारी की गई है।